आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 08.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :—

- राज्य में पिछले चौबीस घण्टों में वनाग्नि की कोई नई घटना दर्ज नहीं की गई। वनाग्नि के गलत आंकड़ों का दुष्प्रचार करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।
- कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद्र अग्रवाल ने 135 बसों को हरी झंडी दिखाकर चारधाम यात्रा के लिए रवाना किया।
- केदारनाथ, गंगोत्री व यमुनोत्री धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले जाएंगे।
- मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य में आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया।

वनाग्नि नियंत्रण बैठक

राज्य में पिछले चौबीस घण्टों में वनाग्नि की कोई भी नई घटना दर्ज नहीं की गई है। केंद्रीय गृह सचिव की अध्यक्षता में राज्य में वनाग्नि की घटनाओं की समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पिछले दो दिनों में जंगलों में आग लगने की घटनाओं में लगातार कमी आई है। श्रीमती रतूड़ी ने बताया कि वनाग्नि से राज्य में शून्य दशमलव एक प्रतिशत वन प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि जंगलों में आग लगने के संबंध में गलत आंकड़ों का दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव ने कहा कि सरकार ने वनाग्नि नियंत्रण के लिए भरसक प्रयास किए हैं। प्रदेश में सक्रिय वन पंचायतों, वनाग्नि प्रबन्धन समितियों, महिला मंगल दलों व युवा मंगल दलों को जागरूक करके और उत्तरदायी बना कर गांवों के नजदीक के जंगल के इलाकों में वनाग्नि नियंत्रण में सफलता मिली है। वनाग्नि नियंत्रण में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामुदायिक संस्थाओं व फील्ड अधिकारियों को प्रोत्साहन, पुरस्कार व तत्काल बजट आंवटन से वनाग्नि नियंत्रण के प्रयासों को एक नई गति मिली। श्रीमती रतूड़ी ने बताया कि जंगलों में आग लगाने के संबंध में राज्य में 417 वन अपराध दर्ज किए गए। इस दौरान 75 लोगों को नामजद किया गया और 13 के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई। जंगलों में आग लगाने वाले 10 व्यक्तियों को गिरफ्तार भी किया गया।

निर्देश

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए उच्च अधिकारियों को मौके पर रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के कर्मचारियों को जंगल की आग को नियंत्रण में रखने के लिए ग्रामीणों के साथ बेहतर तालमेल बनाने को कहा दिए, ताकि किसी भी तरह की आपदा के समय ग्रामीणों का सहयोग लिया जा सके। श्री धामी ने जंगलों को आग से बचाने के लिए वन विभाग को एक समावेशी प्लान तैयार करने को भी कहा।

पत्रकार वार्ता

उधर, वनाग्नि नियंत्रण के लिए टिहरी के लिए नामित नोडल अधिकारी सहायक प्रमुख वन सरक्षक कपिल लाल ने आज जिले के विभिन्न जंगलों में लगी आग से प्रभावित क्षेत्र का भ्रमण किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि जिले के जंगलों में आग बुझाने के लिए वन विभाग गंभीरता से काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि जिले में तैनात अधिकारी—कर्मचारी जिम्मेदारी के साथ कार्य कर रहे हैं। उन्होंने जनता से वनों में लगी आग को बुझाने के लिए प्रशासन का सहयोग करने को कहा है।

चारधाम यात्रा

विश्वप्रसिद्ध केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट कल श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए जांएगे। इसके साथ ही प्रदेश में चारधाम यात्रा का शुभारम्भ हो जाएगा। कपाट खुलने के शुभ अवसर पर इन तीर्थधामों कों फूलों से सजाया गया है। इस बीच, केदारनाथ पैदल मार्ग पर घोड़ों और खच्चरों की आवाजाही शुरू हो गई है। तीर्थयात्री, गौरीकुंड और सोनप्रयाग से घोड़ों और खच्चरों पर सवार होकर केदारनाथ की यात्रा कर रहे हैं। बड़ी संख्या में तीर्थयात्री पैदल चलकर भी केदारनाथ पहुंच रहे हैं। इस बीच, कैबिनेट मंत्री डॉक्टर प्रेमचंद अग्रवाल ने आज चारों धाम के लिए एक सौ पैंतीस बसों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इन बसों में चार हजार पचास श्रद्धालु पवित्र तीर्थस्थलों की यात्रा के लिए निकले हैं। वहीं, चारधाम यात्रा के लिए अब तक बाईस लाख से भी अधिक श्रद्धालु पंजीकरण करा चुके हैं। यमुनोत्री के लिए तीन लाख चवालीस हजार से अधिक, गंगोत्री के लिए लगभग तीन लाख बयानब्बे हजार श्रद्धालुओं ने पंजीकरण किया है। वहीं, केदारनाथ धाम के लिए सात लाख साठ हजार से ज्यादा, जबकि बद्रीनाथ धाम के लिए लगभग छह लाख साठ हजार तीर्थयात्री पंजीकरण करा चुके हैं। साथ ही हेमकुंड साहिब के लिए पैंतालीस हजार नौ सौ उनसठ श्रद्धालुओं ने यात्रा के लिए पंजीकरण कराया हैं।

पंचमुखी डोली

इस बीच, भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव डोली भारतीय सेना के बैंड दस्ते के नेतृत्व में केदारनाथ धाम पहुंच गई है। डोली के साथ हजारों श्रद्धालु मौजूद रहे। इससे पहले, भगवान केदारनाथ की पंचमुखी डोली आज सुबह गौरामाई मंदिर गौरीकुंड से केदारनाथ धाम के लिए रवाना हुई। केदारनाथ पैदल मार्ग पर जिला प्रशासन, पुलिस, गढवाल मंडल विकास निगम तथा स्थानीय दुकानदारों ने देव डोली का स्वागत किया।

गंगोत्री यमुनोत्री कपाट

वहीं, उत्तरकाशी में गंगोत्री और यमुनोत्री के कपाट खोलने की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। इस बीच पारंपरिक वाद्य यंत्रों व सेना के बैंड की धुन के साथ सैकड़ों भक्तों की मौजूदगी में आज मां गंगा की उत्सव डोली अपने शीतकालीन प्रवास मुखवा से गंगोत्री धाम के लिए रवाना हुई। उत्सव डोली आज भैरव घाटी में रात्रि विश्राम करेगी। डोली कल सुबह गंगोत्री धाम के लिए प्रस्थान करेगी, जहां विधि विधान से पूजा–अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ दोपहर में गंगोत्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए जाएंगे। वहीं यमुनोत्री धाम के कपाट कल सुबह 10 बजकर 29 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोले जाएंगे।

तैयारियां

उधर, चमोली जिले में 12 मई से शुरू होने वाली बदरीनाथ यात्रा के लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने आज बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर चमोली से जिले की प्रवेश सीमा कमेडा तक हाईवे का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को बदरीनाथ यात्रा मार्ग पर बाजपुर में हाईवे किनारे सुरक्षा के लिए क्रैश बैरियर लगाने के निर्देश दिए। साथ ही मैठाणा में सड़क चौडीकरण के काम को भी तेजी के साथ पूरा करने को कहा। जिलाधिकारी ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों के यात्रा मार्ग पर स्वच्छता और तीर्थयात्रियों को दी जाने वाली सुविधाओं का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए।

## सघन निरीक्षण

चारधाम यात्रा में तीर्थयात्रियों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के लिए यात्रा मार्गों पर खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीम ने सघन निरीक्षण शुरु कर दिया है। प्रभारी अभिहित अधिकारी ने आज बदरीनाथ राजमार्ग पर मायापुर में दुकानों का निरीक्षण किया।

## मौसम

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में आज आमतौर पर बादल छाए रहे। इस दौरान कहीं–कहीं हल्की बूंदाबांदी भी हुई। उधर, उत्तरकाशी जिले में धरासू बैंड के पास पहाड़ी से पत्थर गिरने और उसकी चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। उधर, बागेश्वर में कल कईं हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे गैराड व सुरकाली की पेयजल योजना को नुकसान पहुंचा है। बारिश से विद्युत आपूर्ति भी बाधित हुई, जिसे बाद में सुचारू किया गया। वहीं जिले के गोगिना में आकाशीय बिजली गिरने से 121 बकरियों की मौत हो गई। बकरी पालकों को सहायता राशि देने की कार्यवाही जारी है। बारिश से सरयू और गोमती नदियों का जल स्तर भी बढ़ गया है। जिला प्रशासन लोगो से नदियों से दूर रहने की अपील कर रहा है। इस बीच, मौसम विभाग ने अगले पांच दिनों तक राज्य में बारिश का अनुमान व्यक्त किया है। मौसम विज्ञान केंद्र, देहरादून से प्राप्त जानकारी के अनुसार अगले पांच दिनों में प्रदेश के सभी जिलों में बारिश और कहीं–कहीं ओलावृष्टि की संभावना है। विभाग ने इस दौरान तेज आंधी का येलो अलर्ट भी जारी किया है।

## अंतिम तिथि

लोकसभा चुनाव में छठे चरण के लिए नामांकन वापस लेने का आज अंतिम दिन है। इस चरण में 25 मई को छह राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की कुल 57 सीटों पर मतदान होगा। छठे चरण में दिल्ली की सभी सात, हरियाणा की 10, उत्तर प्रदेश की 14, बिहार और पश्चिम बंगाल की आठ–आठ, ओडिशा की छह और झारखंड की चार सीटों पर मतदान होगा। लोकसभा चुनाव की मतगणना 4 जून को होगी।

## सेवांए समाप्त

एयर इंडिया एक्सप्रेस ने अपने वरिष्ठ चालक दल के 25 सदस्यों की सेवाएं समाप्त कर दी है। बिना किसी पूर्व सूचना के इनके एक साथ अवकाश पर जाने के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान सेवाओं पर असर पड़ा है। अब तक लगभग अस्सी उड़ानें रद्द करनी पड़ी। आज भी 85 से अधिक उड़ानें रद्द की गई। प्रभावित यात्री पूरा किराया वापस ले सकते हैं या बाद की तिथि के लिए यात्रा कार्यक्रम तय कर सकते हैं। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बताया कि वह आज मूल सहयोगी कंपनी एयर इंडिया की मदद से बीस यात्रा मार्गों पर 283 उड़ानों का संचालन करेगी।